आकाशवाणी पोर्ट ब्लेयर

दिनांक : 07.08.2024 समय : 0705

<><><><><><><>

- मुख्य सचिव ने निकोबार में कुपोषण मुक्त जिला अभियान का वर्चुअली शुभारंभ किया।
- डॉ. बी आर अम्बेडकर प्रौद्योगिकी संस्थान में दो दिवसीय कम्प्यूटेशनल इंटेलिजेंस पर पहला अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन–संचार और सतत विकास का कल समापन हो गया।
- मध्योत्तर अण्डमान पुलिस ने छापेमारी कर बड़ी मात्रा में अवैध नशीले पदार्थों को जब्त किया।
- जहाज एम.वी. स्वराज द्वीप की कोलकाता की आज होने वाली यात्रा रद्द कर दी गई है।

<><><><><><><>

मुख्य सचिव केशव चंद्र ने कल निकोबार में 'कुपोषण मुक्त जिला अभियान' का वर्चुअली शुभारंभ किया, जो इस क्षेत्र में कुपोषण को मिटाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस महत्वाकांक्षी कार्यक्रम का उद्देश्य अगले तीन महीनों के भीतर तीव्र कुपोषण के शून्य मामलों को प्राप्त करना है, जो बाल कुपोषण से निपटने के लिए एक एकीकृत प्रयास को दर्शाता है। मुख्य सचिव ने कुपोषण मुक्त निकोबार पहल की सहयोगात्मक प्रकृति को अन्य क्षेत्रों के लिए अनुकरणीय मॉडल के रूप में उजागर किया। कार्यक्रम के दौरान मुख्य सचिव ने कहा, "यह कार्यक्रम हमारे बच्चों के भविष्य के लिए सामूहिक प्रतिबद्धता का प्रतिनिधित्व करता है।" उन्होंने कहा, "एक साथ काम कर, सामुदायिक संसाधनों का लाभ उठाकर और समन्वित स्वास्थ्य और पोषण रणनीतियों पर ध्यान केंद्रित कर, हम कुपोषण को मिटाने में एक ठोस अंतर ला सकते हैं"। निकोबार जिले की उपायुक्त, ज्योति कुमारी ने निकोबार जिले में कुपोषण को मिटाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम के रूप में कुपोषित बच्चों को तत्काल पोषण सहायता प्रदान करने के महत्व पर प्रकाश डाला।

कार्यक्रम कुपोषित बच्चों को पोषण किट, फल और सब्जी वाले पौधे वितरित करने के साथ–साथ एक चिकित्सा जांच शिविर का आयोजन भी किया गया। पोषण मित्रों को प्रशंसा प्रमाण पत्र से सम्मानित किया गया और कार्यक्रम के दौरान कुपोषण के लक्षणों और उसके उपचारात्मक उपायों पर प्रकाश डालने वाला वीडियो दिखाया गया। इस कार्यक्रम में जनजातीय परिषद, स्थानीय अधिकारी, और विभिन्न क्षेत्रों के प्रतिनिधि शामिल हुए।

उधर कैम्पबेल बे के सामुदायिक सभागार में कुपोषण मुक्त पंचायत अभियान का शुभारंभ किया गया, जिसमें ग्यारह लाभार्थियों को पोषण किट बांटा गया। कार्यक्रम में कैम्पबेल बे के सहायक आयुक्त, खंड विकास अधिकारी, गोविन्दनगर और गांधीनगर के प्रधान, मुख्य सेविका, आंगनवाड़ी कार्यकर्ताएं और बच्चों के अभिभावक भी उपस्थित थे।

<><><><><><><>

डॉ. बी आर अम्बेडकर प्रौद्योगिकी संस्थान में दो दिवसीय कम्प्यूटेशनल इंटेलिजेंस पर पहला अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन– संचार और सतत विकास का कल समापन हो गया। समापन अवसर पर इसरो–इस्ट्रैक के निदेशक बी एन रामाकृष्णा मुख्य अतिथि थे और एन. आई. सी के एस.आई.ओ शिवाजी मुखर्जी सम्माननीय अतिथि थे। अपने संबोधन में मुख्य अतिथि ने ए आई के महत्व पर नवाचार को बढ़ावा देने के लिए इसके सही इस्तेमाल और अंतरिक्ष की सीमाओं के संबंध में सुरक्षा मुद्दों का उल्लेख किया। उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि नई पीढ़ी को अपना खुद का हार्डवेयर और ऑपरेटिंग सिस्टम बनाना चाहिए, जो स्वदेशी हो और देश को आई टी के संभावित खतरों से बचा सके। श्री मुखर्जी ने अपने संबोधन में देश के डेटा केन्द्रों और सूचना केन्द्रों से संबंधित डेटा सुरक्षा के विभिन्न पहलुओं की जानकारी दी। इसके अलावा ज़िफरान टेक्नोलॉजी के सी.ई.ओ डॉ. हरिहरा गोपालन ने भी साइबर सुरक्षा पेशेवरों की राष्ट्रीय मांग के अनुसार साइबर सुरक्षा और नैतिक हैकिंग में प्रमाणन लेने का आग्रह किया। डीब्रेट के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. शोएब कमाल ने दो दिवसीय सम्मेलन का रिपोर्ट प्रस्तुत किया। इस अवसर पर दो सौ बत्तीस शोध प्रतियां जमा की गई, जिसमें से साठ सर्वश्रेष्ठ प्रतियों को अंतिम प्रकाशन के लिए चुना गया। इन सभी चयनित प्रतियों को आई ई ई ई एक्सप्लोर कांफ्रेंस प्रकाशन सेवाओं में प्रकाशित किया जाएगा और स्कोप्स में अनुक्रमित किया जाएगा। इस दो दिवसीय सम्मेलन में लगभग दो सौ से अधिक प्रतिभागियों और शोधकर्ताओं ने भाग लिया।

<><><><><><><>

अवैध शराब, हंडिया, आई एम एफ एल और अवैध गांजे की अवैध बिक्री पर अपनी कार्रवाई जारी रखते हुए, मध्योत्तर अंडमान जिला पुलिस ने स्थानीय मुखबिरों की मदद से जंगलों में नियमित छापे और तलाशी ली। जुलाई महीने के दौरान, विभिन्न पुलिस स्टेशनों की टीमों ने एसएचओ और अधिकारियों के नेतृत्व में छापेमारी कर बड़े पैमाने पर जंगल तलाशी अभियान चलाया। इन तलाशी अभियानों में लगभग चार सौ पचास लीटर लेहान और पैंतीस किलोग्राम हंडिया नष्ट किया गया।

साथ ही आबकारी विनियमन के तहत अट्ठाइस मामले दर्ज किए गए हैं, जिसमें एक सौ अट्ठहत्तर शराब की बोतलें जब्त कर अट्ठाइस लोगों को गिरफ्तार किया गया। सभी हिस्ट्रीशीटरों की नियमित रूप से बीट स्टाफ द्वारा जाँच की जा रही है, जिससे उनका किसी भी अवैध गतिविधि में शामिल होना मुश्किल हो गया है और निगरानी के लिए शराब तस्करों की नई हिस्ट्रीशीट खोली गई है। आम जनता से अनुरोध है कि वे किसी भी अपराध या अवैध गतिविधियों से संबंधित कोई भी विश्वसनीय सूचना अपने नजदीकी पुलिस स्टेशन पर दें। सूचना देने वालों की पहचान गुप्त रखी जाएगी और उन्हें उचित पुरस्कार भी दिया जाएगा।

<><><><><><><>

जवाहर नवोदय विद्यालय में सत्र दो हजार पच्चीस–छब्बीस में कक्षा छठीं में प्रवेश के लिए आवेदन फार्म आमंत्रित किए गए हैं। परीक्षा अट्ठारह जनवरी को संस्थान के सभी केन्द्रों में आयोजित की जाएगी। विवरणिका और आवेदन फॉर्म विद्यालय के वेबसाइट से डाउनलोड किए जा सकते हैं। आवेदन फॉर्म जमा करने की अंतिम तिथि सोलह सितम्बर है।

<><><><><><><>

अपर्याप्त यात्री टिकटों की बुकिंग के कारण जहाज एमवी स्वराज द्वीप की आज शाम चार बजे पोर्ट ब्लेयर से कोलकाता के लिए होने वाले निर्धारित यात्रा कार्यक्रम रद्द कर दी गई है। जिन यात्रियों ने यात्रा के लिए टिकट खरीदे थे, उन्हें सूचित किया गया है कि वे अपने टिकट रद्द कराकर अपना पैसा वापस ले सकते हैं।

<><><><><><><>

दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल्य योजना के तहत निदेशालय में खंडीय स्तर पर मिशन मैनेजर के एक और सी डी ब्लॉक कार निकोबार और ननकौड़ी में ब्लॉक स्तर पर दो डेटा एन्ट्री ऑपरेटर के पदों के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। आवेदन करने की अंतिम तिथि सोलह अगस्त है। चयनित उम्मीदवारों की सूची तेईस अगस्त को ग्रामीण विकास निदेशालय के सूचना पट्ट और प्रशासन के वेबसाइट पर अपलोड की जाएगी। डेटा एन्ट्री ऑपरेटर के लिए कौशल परीक्षा व्यक्तिगत साक्षात्कार के दिन मरीन हिल स्थित निदेशालय में लिया जाएगा।

<><><><><><><>

मुख्यभूमि के उच्च शैक्षणिक संस्थानों में पेशेवर, तकनीकी और गैर तकनीकी पाठ्यक्रमों में रिक्त पड़ी सीट बी एड भोपाल, बी ई और बीटेक के लेटरल एन्ट्री सीट के आवंटन के लिए तेरह अगस्त को टैगोर कॉलेज के सभागार में परामर्श का आयोजन किया जाएगा। चयनित उम्मीदवारों को अपने मूल दस्तावेजों के साथ परामर्श में उपस्थित रहने को कहा गया है।

<><><><><><><>